Title: Need to include 'Bishnoi' caste of Rajasthan in the list of 'Other Backward Classes'. − Laid.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : *अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा बिश्नोई जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किया है, लेकिन अभी तक केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने बिश्नोई जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल नहीं किया है। महोदय, बिश्नोई जाति जाटों में से निकली है। जब जाट जाति अन्य पिछड़ा वर्ग में आ गयी तो बिश्नोई जाति स्वतः ही अन्य पिछड़ा वर्ग में आ जानी चाहिए। महोदय, अभी तक बिश्नोई जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने से बिश्नोई जाति के लोग अपने आपको अपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन कर रहा हूं कि बिश्नोई जाति को भी अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करके अनुगृहीत करें।

---

* Laid on the Table .